### डीसी ने बैठक कर सिलेंडरों की उपलब्धता एवं आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा की

# सर्वर अपग्रेडेशन का कार्य जारी, जल्द हो सकेगी सामान्य रूप से बुकिंग

- लोग गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और अवैध भंडारण की जानकारी अबुआ साथी पर दें

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** जिले में एलपीजी सिलेंडरों की उपलब्धता एवं आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा को लेकर आज देर शाम उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में एलपीजी सिलेंडरों की संभावित कमी, आपूर्ति श्रृंखला की स्थिति तथा आम उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने की समीक्षा की गई।

#### उपभोक्ताओं से पैनिक बुकिंग नहीं करने का आग्रह

बैठक में एक बार फिर से गैस कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा उपभोक्ताओं से पैनिक बुकिंग नहीं करने आग्रह किया गया है, IOCL (इंडेन गैस) के पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि भारी संख्या में बुकिंग के कारण सर्वर में अपग्रेडेशन की आवश्यकता है और यह प्रक्रिया जारी है। सर्वर के अपग्रेडेशन की प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही लोग सामान्य रूप से बुकिंग कर पाएंगे।

#### गैस की पर्याप्त आपूर्ति

रांची में घरेलू गैस की आपूर्ति की समीक्षा के दौरान आईओसीएल (इंडेन गैस) के पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि गैस की पर्याप्त आपूर्ति है। कंपनी के लगभग डेढ़ लाख उपभोक्ताओं के बीच पिछले दिनों की तरह ही प्रतिदिन करीब 10500 गैस सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। कंपनी का कहना है कि ज्यादा संख्या में बुकिंग होने के कारण आपूर्ति प्रभावित हुई है जो जल्दी सामान्य हो जाएगी। एचपीसीएल और बीपीसीएल के करीब 25-25 हजार उपभोक्ताओं के बीच रोजाना 2000 से ज्यादा गैस सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है।

आपातकालीन स्थिति में उपभोक्ता 5 लीटर के सिलेंडर प्राप्त कर सकते हैं। प्रतिनिधियों ने बताया कि एचपीसीएल और बीपीसीएल के 5 लीटर के सिलेंडर बाजार में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध, आधार कार्ड लेकर उपभोक्ता गैस प्राप्त कर सकते हैं।

#### पीएनजी पाइपलाइन कनेक्शन की भी सुविधा

रांची में 24000 से ज्यादा घरों में पीएनजी की पाइपलाइन कनेक्शन है, बैठक गेल के पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिन अपार्टमेंट में पीएनजी पाइपलाइन कनेक्शन है, वहां फ्लैट में रह रहे लोग टोल फ्री नंबर पर संपर्क कर कनेक्शन करवा सकते हैं।

पीएनजी पाइपलाइन कनेक्शन के लिए टोल फ्री नंबर 18001231211 पर कॉल किया जा सकता है।

#### गैस की कालाबाजारी की जानकारी मिले तो प्रशासन को बताएं

बैठक में उपायुक्तमंजूनाथ भजंत्री ने एक बार फिर से गैस की कालाबाजारी के खिलाफ सख्त चेतावनी दी है, उन्होंने कहा कि अगर लोगों को किसी प्रकार से घरेलू गैस की कालाबाजारी या भंडारण की जानकारी मिलती है तो अबुआ साथी (9430328080) पर इसकी जानकारी दें। कालाबाजारी या अवैध भंडारण करनेवालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने संबंधित अधिकारियों एवं तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो तथा उपभोक्ताओं को निर्धारित समय पर गैस उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

संभावित कमी की स्थिति से निपटने के लिए समन्वय के साथ कार्य किया जाए।बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था), अनुमंडल पदाधिकारी रांची सदर, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सहित इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड एवं गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## वार्ड पार्षद के तीन संतान होने पर सदस्यता रद्द करने की मांग

**रांची/ रामगढ़।** रामगढ़ नगर परिषद का चुनाव संपन्न हो चुका है। वार्ड नंबर 11 के वार्ड पार्षद की तीन संतान होने के बाद मामला एक बार फिर चर्चा में हैं। विजयी उम्मीदवार फरहत अनीस की सदस्यता रद्द करने की मांग हारे हुए कई उम्मीदवारों ने रखी है। इस मुद्दे को लेकर गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी हुआ। मिलन मैरेज हॉल नईसराय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में वार्ड 11 के कई हारे हुए प्रत्याशियों का जमावड़ा लगा था। इस दौरान कहा गया कि वार्ड नंबर 11 के वार्ड पार्षद फरतहत अनीस चुनाव के दौरान गर्भवती थीं। मतगणना खत्म होने के बाद 6 मार्च को उन्होंने एक लड़के को जन्म दिया। इस प्रेगनेंसी को फरहत अनीस के द्वारा छुपाया गया। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार तीन बच्चों वाला व्यक्ति चुनाव लड़ने के योग्य नहीं था।

अब विजेता घोषित फरहत अनीस को 3 संतानें हो गई है। इसलिए उनकी सदस्यता रद्द होनी चाहिए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सहीदुन निशा, अनीस अंजुम, पिंकी कुमारी, रीता देवी, तलत नाज, शाहजहां परवीन, नूरजहां ने संयुक्त रूप से कहा कि जिला निर्वाचन नगर परिषद कार्यालय एवं रामगढ़ उपायुक्त को नगर परिषद चुनाव 11 नंबर वार्ड के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमें कहा गया है।

# न्यूज बॉक्स

## विधायक सुदीप गुड़िया ने कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से की मुलाकात



**खूंटी।** तोरपा विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदीप गुड़िया ने गुरुवार को राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पा नेहा तिर्की से मुलाकात कर तोरपा क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने मंत्री को एक विस्तृत अनुशंसा पत्र सौंपते हुए कृषि और पशुपालन से संबंधित कई महत्वपूर्ण योजनाओं को स्वीकृति देने का आग्रह किया। विधायक ने मंत्री को बताया कि तोरपा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में सिंचाई सुविधाओं की कमी, आधुनिक कृषि संसाधनों की उपलब्धता तथा पशुपालन के विकास से जुड़ी कई समस्याओं का सामना किसानों को करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं के समाधान से किसानों की आय में वृद्धि होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। सुदीप गुड़िया ने क्षेत्र में सिंचाई व्यवस्था के विस्तार, किसानों को कृषि उपकरण उपलब्ध कराने, पशुपालन को बढ़ावा देने तथा संबंधित योजनाओं को जल्द स्वीकृति देने की मांग की। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने विधायक द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि तोरपा विधानसभा क्षेत्र के किसानों और पशुपालकों के हितों की रक्षा तथा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं और आगे भी किसानों की समस्याओं को सरकार के समक्ष मजबूती से उठाते रहेंगे।

## झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने बुरूडीह में चलाया सदस्यता अभियान



**खूंटी।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) ने गुरुवार को खूंटी प्रखंड के मारंगहदा स्थित दाड़ीगुटु पंचायत के अंतर्गत आदिवासी बहुल क्षेत्र बुरूडीह गांव में सदस्यता अभियान चलाया। अभियान के दौरान ग्रामवासियों ने अपने गांव के मनरेगा संबंधित अन्य मांगों और समस्याओं पर पार्टी का ध्यान आकृष्ट कराया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष कुमार ब्रजकिशोर ने कहा कि विधायक जयराम महतो किसी एक व्यक्ति के नहीं है, बल्कि पूरे झारखंड की आवाज हैं। उन्होंने कहा कि जयराम जिस तरह से विधानसभा में झारखंड की समस्याएं रखते हैं। इससे साफ पता चलता है कि झारखंड हित में उनकी क्या सोच है। उन्होंने कहा कि जेएलकेएम पार्टी हर एक आदिवासी मूलवासी की पार्टी है। वहीं जिला कोषाध्यक्ष सुरेश टोपनो ने ग्रामीणों से नशा नहीं करने और दलालों के खिलाफ खड़ा रहने का आग्रह किया। इस मौके पर कई ग्रामीणों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर जिला अध्यक्ष कुमार ब्रजकिशोर, कोषाध्यक्ष सुरेश टोपनो, प्रवक्ता बजरंग साहू, जिला सदस्य कुंजल हस्सा, गंभीर टूटी, हेमंत मुंडा, नीबय मुंडा, सुलेमान सहित अन्य मौजूद थे।

## भक्ति साहित्य मानसिक उपनिवेशवाद से मुक्ति का मार्ग : प्रो. नंद कुमार

- भारतीय ज्ञान परंपरा को समझना ही हमें भक्ति साहित्य की ओर ले जाता है

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय विश्वविद्यालय, झारखंड के हिन्दी विभाग द्वारा 'भारतीय ज्ञान परंपरा और भक्ति साहित्य' विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन गुरुवार को हुआ। अध्यक्षता कुलपति प्रो. सारंग मेढ़ेकर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व कुलपति प्रो. नंद कुमार यादव 'इंदु' उपस्थित रहे। अपने संबोधन में प्रो. नंद कुमार ने कहा कि मानसिक उपनिवेशवाद से मुक्ति के लिए भारतीय ज्ञान परंपरा और भक्ति साहित्य का अद्वितीय महत्व है। उन्होंने इसे भारतीय चेतना का मूल आधार बताया। संगोष्ठी का बीज वक्तव्य काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रो. श्रीप्रकाश शुक्ल ने प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि भक्ति साहित्य के अखिल भारतीय स्वरूप की विवेचना यूटोपिया की अवधारणा के बिना संभव नहीं है।

प्रो. शुक्ल ने जोर देते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को समझना ही हमें भक्ति साहित्य की ओर ले जाता है और इसकी रचनाशीलता को गहराई से समझे बगैर इसका सही अध्ययन नहीं किया जा सकता।

अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रो. सारंग मेढ़ेकर ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा विश्व की सबसे समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है, जो मानवता, सह-अस्तित्व और समन्वय का वैश्विक संदेश देती है। उन्होंने रेखांकित किया कि भक्ति साहित्य ने भारतीय समाज में नैतिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करने का ऐतिहासिक कार्य किया है।

हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. रत्नेश विश्वक्सेन और डॉ. उपेंद्र सत्यार्थी ने भी विचार साझा किए। समापन प्राकृतिक विज्ञान के प्रो. मनोज कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## यात्रियों को साइबर फ्रॉड के खतरों से किया आगाह

रांची। डालसा ने रांची रेलवे स्टेशन पर साइबर फ्रॉड से बचाव के लिए गुरुवार को जागरुकता कार्यक्रम किया। डालसा सचिव राकेश रौशन के नेतृत्व में हुए आयोजन में लोगों को साइबर अपराध के प्रति सचेत किया गया। एलएडीसीएस सहायक स्वीकृति विनाया ने बताया कि साइबर अपराधी इंटरनेट के जरिये लोगों से ठगी कर रहे हैं। उन्होंने अनजान कॉल, लिंक या मैसेज पर भरोसा नहीं करने की अपील की। बैंकिंग या निजी जानकारी किसी से साझा भी नहीं करने की अपील की। आज कल अपराधियों की तूती काफी बाल रही है और वह आए दिन एक दूसरे को ठगने में लगे हुए हैं जिससे लोग काफी डर महसूर कर रहे हैं।

## प्रतीक्षा सूची यात्रियों को राहत, तीन ट्रेनों में लगेगा अतिरिक्त कोच

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रांची रेल मंडल ने प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों की सुविधा के लिए कुछ ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने का निर्णय लिया है। इस कदम से यात्रियों को सीट उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी और प्रतीक्षा सूची का दबाव कम होगा।

रेलवे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार ट्रेन संख्या 18603 रांची-गोड्डा एक्सप्रेस में 14 मार्च 2026 से यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन में द्वितीय श्रेणी स्लीपर का एक अतिरिक्त कोच जोड़ा जाएगा।

इसी प्रकार ट्रेन संख्या 18611 रांची-वाराणसी एक्सप्रेस में 14 मार्च और 19 मार्च 2026 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेनों में द्वितीय श्रेणी स्लीपर का एक अतिरिक्त कोच लगाया जाएगा।

इसके अलावा ट्रेन संख्या 18640 रांची-आरा एक्सप्रेस में भी 14 मार्च 2026 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन में द्वितीय श्रेणी स्लीपर का एक अतिरिक्त कोच जोड़ा जाएगा। बताया कि ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जाने से यात्रियों को राहत मिलेगी और यात्रा अधिक सुविधाजनक हो सकेगी।

## ग्रामीण पर्यटन कर्मियों को इपीएफ और बीमा का लाभ दे सरकार : राम सूर्या



**खूंटी।** खूंटी के विधायक राम सूर्या मुंडा ने गुरुवार को विधानसभा में झारखंड के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर नियुक्त ग्रामीण कर्मियों को इपीएफ और बीमा सहित अन्य लाभ दिलाने की मांग की। विधानसभा में राम सूर्या मुंडा ने कहा कि झारखंड पर्यटन विकास निगम लिमिटेड की ओर से नियुक्त ग्रामीण कर्मियों को ना तो भविष्य निधि की सुविधा मिलती है और ना ही उन्हें बीमा का लाभ दिया जाता है। यहां तक की किसी पर्यटन मित्र की मृत्यु होने पर भी उन्हें कोई लाभ नहीं मिलता। उनके आश्रितों को भी नौकरी नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि यह पर्यटन कर्मी राज्य के विभिन्न पर्यटन स्थलों की साफ सफाई, सुरक्षा, कटिंग, पार्किंग से लेकर अन्य सुविधाएं सैलानियों को उपलब्ध कराते हैं, लेकिन इसके एवज में उन्हें कोई अस्थाई लाभ नहीं मिलता। विधायक ने सरकार से मांग की कि इन ग्रामीण पर्यटन कर्मियों को कर्मचारी भविष्य निधि, बीमा सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए।

## तोरांग-शालिमार स्पेशल ट्रेन का परिचालन, यात्रियों को मिलेगी अतिरिक्त सुविधा

**रांची।** यात्रियों की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्रालय ने तोरांग-शालिमार-तोरांग स्पेशल ट्रेन (वाया मूरी) चलाने का निर्णय लिया है। यह विशेष ट्रेन सीमित अवधि के लिए संचालित की जाएगी, जिससे यात्रियों को यात्रा में अतिरिक्त सुविधा मिल सके। ट्रेन संख्या 08619 तोरांग–शालिमार स्पेशल ट्रेन 13 मार्च 2026 को तोरांग से रात 9:00 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन मूरी (21:20/21:25), झालिदा (21:45/21:50), गढ़ जयपुर (22:15/22:20), पुरुलिया (22:50/23:10), आद्रा (00:05/00:10), छातना (00:50/00:55), बांकुड़ा (01:20/01:25), बिष्णुपुर (01:55/02:00), मेदिनीपुर (03:20/03:25), खड़गपुर (04:00/04:05) और सांतरागाछी (06:20/06:25) होते हुए सुबह 7:20 बजे शालिमार पहुंचेगी।

वापसी में ट्रेन संख्या 08620 शालिमार–तोरांग स्पेशल ट्रेन 14 मार्च 2026 को शालिमार से रात 11:45 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन सांतरागाछी, खड़गपुर, मेदिनीपुर, बिष्णुपुर, बांकुड़ा, छातना, आद्रा, पुरुलिया, गढ़ जयपुर, झालिदा और मूरी होते हुए सुबह 10:30 बजे तोरांग पहुंचेगी।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार इस विशेष ट्रेन के परिचालन से मार्ग के विभिन्न स्टेशनों के यात्रियों को काफी राहत मिलेगी और बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी।

## कर्मियों ने निकाला प्रभारी कुलपति की अंतिम यात्रा का जुलूस

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के आह्वान पर लंबित एसीपी और एमएसीपी भुगतान की मांग को लेकर आंदोलन जारी है। गुरुवार को कर्मचारी संघ के सदस्य शैलेंद्र कुमार के नेतृत्व में विश्वविद्यालय में पूर्ण कार्य बहिष्कार और बंदी शांतिपूर्ण ढंग से जारी रही, जिससे परिसर की सामान्य गतिविधियां पूरी तरह प्रभावित रहीं और अधिकांश विभागों में कामकाज ठप रहा। वहीं, आंदोलनकारी कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए प्रभारी कुलपति डॉ. डीके सिंह के खिलाफ-विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का आरोप है कि समिति के छह सदस्यों की आपसी सहमति से लिए गए निर्णय के बावजूद प्रभारी कुलपति द्वारा इसे स्वीकार नहीं किया गया।

इस रवैये से समाधान न निकलने के कारण कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। विरोध स्वरूप आक्रोशित कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय परिसर में प्रतीकात्मक रूप से प्रभारी कुलपति की 'अंतिम यात्रा' का जुलूस निकाला, जिसे पूरे परिसर में घुमाने के बाद सांकेतिक संस्कार के साथ समाप्त किया गया।शैलेंद्र कुमार ने स्पष्ट किया कि एसीपी/एमएसीपी के लंबित भुगतान की मुख्य मांग अभी तक अनसुनी है, जिसके कारण आंदोलन को आगे बढ़ाना उनकी मजबूरी बन गई है। कर्मचारी संघ ने चेतावनी दी है कि जब तक प्रशासन कर्मचारियों के जायज हक और बकाया भुगतान का ठोस समाधान नहीं निकालता, तब तक कार्य बहिष्कार और विरोध प्रदर्शन का यह सिलसिला अनवरत जारी रहेगा।

## भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए गीता का ज्ञान अनिवार्य: गोपाल दास

**रांची।** कांके रोड स्थित इस्कॉन रांची के तत्वावधान में युवाओं के उत्थान और नशामुक्ति के उद्देश्य से 'परिवर्तन' युवा महोत्सव का गुरुवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कीर्तन और इस्कॉन यूथ फोरम के छात्रों द्वारा भगवदगीता पर आधारित प्रेरणादायक नाटक से हुई। मुख्य वक्ता इस्कॉन इंडिया यूथ काउंसिल के चेयरमैन सुंदर गोपाल दास (आईआईटी दिल्ली स्नातक) ने कहा कि पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में युवा अपनी जड़ों से दूर हो रहे हैं। भारत को पुनः 'विश्व गुरु' बनाने के लिए गीता का ज्ञान अनिवार्य है।

## डिवाइडर से टकराई बाइक, युवती गंभीर रूप से घायल



**पिठोरिया।** पिठोरिया थाना क्षेत्र के मुड़हर पहाड़ के पास गुरुवार दोपहर लगभग 2:30 बजे एक सड़क हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार बाइक संख्या (जे एच 01 ई एम 9133) पिठोरिया से कांके की और जा रही थी। इसी दौरान अचानक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर से टकरा गई।इस दुर्घटना में बाइक सवार सोसो निवासी नित्य कुमारी के सिर पर गहरी चोट लग गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल मदद करते हुए घायल युवती को संभाला, और घटना की सूचना मिलते ही पिठोरिया थाना के एसआई संतोष कुमार यादव अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से घायल नित्य कुमारी को बेहतर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।स्थानीय लोगों के अनुसार टक्कर काफी जोरदार थी, जिसके कारण युवती के सिर पर गंभीर चोट आई। फिलहाल अस्पताल में उनका इलाज जारी है।

## ईद को लेकर इटकी बाजार गुलजार, लोग खरीददारी में जुटे

ईटकी। इटकी में ईद को लेकर बाजार गुलजार हो गया है। देर रात तक व्यवसायीक प्रतिष्ठानों में खरीदारी के लिए लोगों भीड़ लग रही है। खासकर महिलाओं की अत्याधिक भीड़ दुकानों में देखी जा रही है। क्षेत्र के कपड़ा, मनिहारी, जूता-चप्पल, ब्रेकरी और सेवइ दुकान ग्राहकों के लिए सज गये हैं। इन दुकानों में लोगों की अधिक भीड़ लग रही है। बाजार में कई प्रकार के सेवई और बकरखानी उपलब्ध है। बाजार परिसर में राउलकेला सेवई 160, गया सेवई 160, नैनो 140, स्पेशल सेवई 200, लक्षा सेवई 160, हल्दी राम 170, देहाती 100, प्रतिकिलो बिक रहा है। वही सूखा नारियल 500, किसमिस 500, छोहाड़ा 200, काजू 900, गोटा चेरी 300 और कटिंग चेरी 200 प्रति किलो भाव से बेची जा रही है। वहीं मुरादावादी बकरखानी 80 रुपये, केयास बकरखानी 120, गया बकरखानी 150, फ्रुटकेक दस रुपये पीस से लेकर सौ रुपया और पकौड़ी बिस्कीट 10 रुपया पीस दर से बिक्री की जा रही है। इस समय दुकानदारों की खूब चोदी कट रही है। हर सामान दुगने दामों पर बेचे जा रहे हैं। लेकिन लोगों को महंगाई का कोई असर नहीं पड़ रहा है। ईद को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। अभी ईद को आने में कुछ दिन बाकी हैं लेकिन लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। बाजारों में सेवाई के कई किस्म देखने को मिल रहे हैं। रांची शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से लोग काफी संख्या में शहर में पहुंच रहे हैं और जमकर खरीददारी कर रहे हैं।

## केंद्रीय विश्वविद्यालय : इंजीनियरिंग और नेचुरल साइंस की टीमों ने मारी बाजी

रांची। केंद्रीय विश्वविद्यालय, झारखंड (सीयूजे) में आयोजित खेलोत्सव के दूसरे दिन गुरुवार को विभिन्न स्पर्धाओं के फाइनल मुकाबले खेले गए। छात्रों के फुटबॉल फाइनल में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने स्कूल ऑफ नेचुरल साइंसेस को हराकर चैंपियनशिप अपने नाम की।

वहीं, छात्राओं की कबड्डी में स्कूल फॉर द स्टडी ऑफ कल्चर विजेता बना। वॉलीबॉल के रोमांचक मुकाबलों में छात्रों के वर्ग में स्कूल ऑफ नेचुरल साइंसेस ने जीत दर्ज की। छात्राओं के वर्ग में स्कूल ऑफ नेचुरल साइंसेस और स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज के बीच कड़ा मुकाबला रहा। बैडमिंटन सिंगल्स में स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज और स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन की टीमों ने अपने-अपने मैच जीतकर खिताब हासिल किए।

**एकजुटता**

### रांची में क्षत्रिय समागम 15 को, प्रचार- प्रसार हुआ तेज

# समागम में 40 हजार लोगों के पहुंचने की संभावना

- झारखंड के सभी वर्तमान पूर्व विधायक व पूर्व सांसदों को भी समागम के लिए आमंत्रित किया गया है

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** रांची में 15 मार्च को पुराना विधानसभा मैदान में आयोजित विशाल क्षत्रिय समागम की सफलता को लेकर तैयारी तेज और अंतिम चरण में है। विधानसभा मैदान में मंच बनाने का काम भी तेजी से चल रहा है। रांची सहित पूरे झारखंड में प्रचार- प्रसार तेज कर दिया गया है। राजधानी रांची में भी कई प्रचार वाहन सड़कों पर घूम कर लोगों को समागम में शामिल होने के लिए निमंत्रण दे रहे हैं। शहर के चौक-चौराहों पर होर्डिंग और बैनर लगाए गए हैं।

क्षत्रिय गौरव एकता मंच के संयोजक पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह व पूर्व सांसद सुनील सिंह जिलों के साथ-साथ रांची के विभिन्न मोहल्लों का दौरा कर बैठक कर रहे हैं। घर घर जाकर लोगों को निमंत्रण दिया जा रहा है। रांची महानगर के सभी 53 वार्डों में जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया गया हैं।

प्रवीण सिंह ने बताया कि समागम के मुख्य अतिथि गोंडा, उत्तर प्रदेश के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह होंगे। इनके साथ विशिष्ट अतिथि सांसद लवली आनंद, बिहार विधान परिषद के उपसभापति अवधेश नारायण सिंह, धनबाद के पूर्व सांसद पीएन सिंह, पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह, धनबाद के मेयर संजीव सिंह सहित झारखंड के सभी वर्तमान और पूर्व विधायक व पूर्व सांसदों को भी समागम के लिए आमंत्रित किया गया है। समागम को लेकर क्षत्रिय समाज में उत्साह है। 30 से 40 हजार लोगों के आने की संभावना है।

उन्होंने कहा कि क्षत्रिय समाज को एक मंच पर लाना और उनके अधिकार के लिए संघर्ष करना समागम का मुख्य उद्देश्य है। समाज में मौजूद आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक व बेटियों की शादी सहित कई मुद्दों पर चर्चा की जाएगी और समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने क्षत्रिय समाज के सभी लोगों से 15 मार्च को रांची में आयोजित समागम में अधिक से अधिक लोगों को भाग लेने की अपील की है।

## श्रीमद् भागवत कथा सह वैदिक सांस्कृतिक उत्सव 17 से

**सिल्ली।** सिल्ली के छाता टांड़ में इस्कॉन अनुमोदित हरे कृष्ण नामहट्ट संघ सिल्ली-मुरी के तत्वावधान में आगामी 17 से 21 मार्च तक श्रीमद भागवत कथा सह वैदिक सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर कीर्तन, श्रीमद भागवत कथा, वैदिक नाटिका एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। कार्यक्रम में कथा वाचक इस्कॉन चौपाटी मुंबई के शिवराम दास ब्रह्मचारी, झारखंड एवं पुरुलिया और बांकुड़ा जिला नामहट्ट प्रचारक श्रीवास चरण दास ब्रह्मचारी इसके अलावे मायापुर के नित्यानंद किंकर दास ब्रह्मचारी, वृंदावन धाम के प्राण जीवन चैतन्य दास ब्रह्मचारी एवं विष्णु दास ब्रह्मचारी, रांची के गोविंद दास ब्रहचारी एवं विश्वरेता दास प्रभु शामिल होंगे।

# सीबीएसई रीडिंग चैलेंज में नविका श्रीवास्तव की सराहना

● **सरला बिरला पब्लिक स्कूल हुआ गौरवान्वित**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल की सातवीं कक्षा की छात्रा नविका श्रीवास्तव ने सीबीएसई रीडिंग चैलेंज 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के लिए उन्हें सीबीएसई की ओर से सराहना प्राप्त हुई है।

सीबीएसई रीडिंग चैलेंज विद्यार्थियों में पठन की आदत को विकसित करने और उसे निरंतर बनाए रखने के उद्देश्य से शुरू की गई एक महत्वपूर्ण पहल है। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को भाषा दक्षता, साक्षरता और विश्लेषणात्मक क्षमता को मजबूत करने का अवसर मिलता है। साथ ही यह पहल विद्यार्थियों को विभिन्न स्रोतों से प्राप्त जानकारी का समन्वय करने, तार्किक निष्कर्ष निकालने और पाठ की प्रासंगिकता का समालोचनात्मक मूल्यांकन करने के लिए भी प्रेरित करती है। नविका की यह उपलब्धि उनकी लगन, पठन के प्रति रुचि और मजबूत विश्लेषणात्मक सोच को दर्शाती है। उनकी सफलता से सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची गौरवान्वित हुआ है।

यह विद्यालय की सशक्त शैक्षणिक संस्कृति और अध्ययनशील वातावरण का भी प्रमाण है, जहाँ विद्यार्थियों में बौद्धिक जिज्ञासा और ज्ञानार्जन की भावना को निरंतर प्रोत्साहित किया जाता है। विद्यालय की प्राचार्या मनीषा शर्मा ने नविका को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि ऐसी सफलताएँ विद्यालय में विकसित हो रही सकारात्मक शैक्षणिक संस्कृति को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि पठन की आदत विद्यार्थियों में समालोचनात्मक सोच, सृजनात्मकता और आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# बंद घरों में चोरी करने वाले तीन अपराधी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में बंद घरों में चोरी करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को कामयाबी मिली है। रांची पुलिस ने ओरमांझी थाना क्षेत्र में एक बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चोरों ने ओरमांझी क्षेत्र स्थित एक बंद घर को निशाना बनाते हुए लगभग 67 लाख से ज्यादा की चोरी को अंजाम दिया था।



### 67 लाख से ज्यादा की चोरी, बरामद हुए मात्र 61,500

गिरफ्तार अपराधियों द्वारा विक्रांत तिवारी के घर से लगभग 67 लाख रुपए (नगद-गहने मिलाकर) चोरी किये गए थे, लेकिन गिरफ्तारी के बाद मात्र 61 हजार 500 रुपये ही पुलिस बरामद कर पाई है। बाकी के पैसे और गहने पुलिस अब तक बरामद नहीं कर पाई है। इसके लिए पुलिस गिरफ्तार अपराधियों से लगातार पूछताछ कर रही है।

### क्या है पूरा मामला

रांची के ओरमांझी थाना क्षेत्र में रहने वाले विक्रांत तिवारी अपने कुछ निजी काम के चलते घर में ताला लगाकर शहर से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान 8 मार्च को उनके घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। मामले को लेकर विक्रांत तिवारी ने ओरमांझी थाना में एफआईआर संख्या 32/2026 दर्ज कराई थी, जिसमें उन्होंने बताया था कि वह अपने घर में ताला बंद करके कुछ दिनों के लिए पूरे परिवार के साथ बाहर गए हुए थे। लेकिन जब 8 मार्च को वह वापस लौटे तो उन्होंने देखा कि उनके दरवाजे पर किसी अंजान शख्स ने दूसरा ताला लगा दिया है। वे ताला तोड़कर घर के अंदर गए तो वहां का नजारा देखकर पूरा परिवार चौक गया। घर का सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था, सभी अलमीरा खुले हुए थे।

उन्होंने चेक करने पर घर में पाया कि वहां रखे करीब 7 लाख 28 हजार रुपए नगद और 60 लाख रुपए के सोने चांदी के गहने गायब थे। इतनी बड़ी चोरी की वारदात के बाद पूरा परिवार सदमे में आ गया। जिसके बाद विक्रांत तिवारी ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई।

### विशेष टीम बनाई गई

इधर, मामले की गंभीरता को देखते हुए रांची के सीनियर एसपी राकेश रंजन द्वारा एक स्पेशल टीम का गठन कर जल्द से जल्द चोरी में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार करने का टास्क ओरमांझी पुलिस को दिया गया। रांची पुलिस द्वारा जारी किए गए प्रेस रिलीज में बताया गया कि पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए अब तक तीन अपराधियों को टेक्निकल सेल की मदद से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में मृत्युंजय कुमार, पारस कुमार चौधरी और हरप्रीत सिंह मोंटी शामिल है। गिरफ्तार अपराधियों ने ही रेकी कर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पूछताछ में अपराधियों ने बताया कि चोरी करने के बाद उन्होंने जानबूझकर दरवाजे पर दूसरा ताला लगा दिया था ताकि किसी को यह पता ना चले कि ताला तोड़ा गया है।

# बुकिंग समस्या के समाधान की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** रसोई गैस के सुचारू वितरण के लिए रांची उपायुक्त द्वारा जिला स्तरीय निगरानी समिति के गठन के निर्णय का सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता सह अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, रांची जिला अध्यक्ष शैलेश कुमार सिन्हा ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के हितों का ध्यान रखना सरकार और प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। सिन्हा ने कहा कि गैस कंपनियों के सॉफ्टवेयर में तकनीकी समस्या के कारण कई उपभोक्ताओं को गैस बुकिंग करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिन उपभोक्ताओं को गैस लिए 25 दिन से अधिक समय हो चुका है, उन्हें भी अगली बुकिंग कराने में कठिनाई हो रही है। कंपनियों के अनुसार अत्यधिक दबाव के कारण सॉफ्टवेयर का कार्य बाधित हो रहा है और उसे अपडेट किया जा रहा है, जिसमें काफी समय लग सकता है। उन्होंने कहा कि कई उपभोक्ताओं को 30 दिन से अधिक समय हो जाने के बावजूद व्हाट्सएप या मैसेज जैसे माध्यमों से भी गैस बुकिंग नहीं हो पा रही है। ऐसे में प्रशासन को वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि उपभोक्ताओं को समय पर गैस मिल सके। उन्होंने जिला स्तरीय निगरानी समिति से अपील की कि वह उपभोक्ताओं की समस्याओं का निरीक्षण और समाधान सुनिश्चित करे।

# निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सीसीएल जन आरोग्य केंद्र गांधीनगर द्वारा निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन गुरुवार को भीठा बस्ती में किया गया। इस शिविर में विशेषज्ञों चिकित्सकों द्वारा 141 लोगों की निःशुल्क जांच की गई और डॉक्टरी सलाह दिया गया। शिविर के दौरान विशेष रूप से हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, हाइपरटेंशन एवं सभी बीमारियों का निशुल्क जांच किया गया और सभी को निशुल्क दवा भी दिया गया। शिविर के सफल आयोजन में डॉ भरत सिंह सीएमओ



इंचार्ज गांधीनगर, डॉ प्रीति तिग्गा, सीएमओ, सीएसआर, इंचार्ज, डॉ अनिता होरो, डॉ रजनी कुजूर, डॉ स्वाति, डॉ शिल्पी झा, डॉ साइम, मुन्ना कुमार सिंह एवं सभी पारा मेडिकल स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## जल संकट को लेकर नगर निगम सतर्क

# खराब पड़े उपकरणों को किया दुरस्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** निगम प्रशासक के निर्देशों पर नगर निगम की जलापूर्ति शाखा की टीम ने शहर में संभावित जल संकट से निपटने की व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत नगर निगम के परिसंपत्ति अधीक्षकों ने फील्ड विजिट किए। इस दौरान विभिन्न स्थलों पर व्यवस्थाओं की जांच की गई। इसी क्रम में निगम की टीम ने शहर के सभी एचवाईडीटी एवं मिनी एचवाईडीटी की जांच की। इस दौरान परिसंपत्ति अधीक्षकों की रिपोर्ट तथा नागरिकों से प्राप्त शिकायतों के आधार पर जिन स्थानों पर एचवाईडीटी एवं मिनी एचवाईडीटी में गंदगी या खराबी की स्थिति पाई जा रही है, उसे त्वरित रूप से ठीक कराया जा रहा है, ताकि स्थानीय निवासियों को जल संकट का सामना न करना पड़े।

### नगर निगम ने जारी किए टोल फ्री नंबर

एक सप्ताह में निगम की टीम कुल 4 एचवाईडीटी (वार्ड 03- सिन्दवार टोली, बनिया टोली, चिरौंदी तथा वार्ड 20- बकरी बाजार स्टोर के निकट) और 17 स्थानों पर मिनी एचवाईडीटी (चर्च रोड, शिव शक्ति नगर, लोहारा कोचा, कुर्बान गली, बेल कोच्चा, फौजी गली, भवानी नगर, दुर्गा मंदिर वार्ड 27, सीटीआई के समीप, वार्ड 39 डीटी-218 के पास, कांटाटोली चौक, भुकरू पुल, रोड नंबर 5 मधुकम, पथलकुदुआ चर्च लाइन, श्रीनगर रोड, डोरा बेकरी गली, शिव शक्ति नगर) को दुरुस्त किया है।

# स्वीकृत भवन प्लान के उल्लंघन पर बरियातू में तीन दुकानें सील

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नगर निगम इन दिनों लगातार एक्शन मोड़ पर है। नगम क्षेत्र के व्यावसायिक एवं आवासीय भवनों की लगातार जांच की जा रही है। गुरुवार को बरियातू रोड स्थित संत तुलसी अपार्टमेंट में अवस्थित तीन दुकानों पर नियमों के उल्लंघन पाए गए। जिसमें श्री कमल किंगर, संचालक केके मेगा मार्ट, सुश्री स्नेहा कुमारी, संचालक ट्रेंडी शू, श्री आयुष भूषण, संचालक टाइल्स मार्ट शामिल है।

नगर निगम पदाधिकारियों ने बताया कि ट्रेड लाइसेंस पूर्व में रद्द कर दिया गया था। इसके साथ ही तीनों संचालकों के स्वीकृत भवन प्लान के विपरीत पाए गए। गैलरी में दुकान



संचालन करने के कारण प्रतिष्ठान खाली करने का निर्देश भी दिया गया था। इसके बावजूद दुकानों का संचालन जारी रहने पर नगर निगम की टीम द्वारा आज नियमों के उल्लंघन के पर तीनों दुकानों को विधिसम्मत रूप से सील कर दिया गया।

# नगर निगम ने परिसंपत्तियों से अवैध कब्जा हटाने के लिए चलाया अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** नगर निगम द्वारा अपनी परिसंपत्तियों की सुरक्षा की जा रही है। इन्हें बेहतर प्रबंधन उपलब्ध कराए जा रहे है। उनकी जन उपयोगिता बढ़ाने के उद्देश्य से शहर में लगातार जांच अभियान चलाए जा रहे है। इसी क्रम में गुरुवार को भू-संपदा कोषांग के सहायक प्रशासक राहुल यादव के नेतृत्व में निगम की टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में निरक्षण किया। जिसमें निगम स्वामित्व के भवनों एवं अन्य परिसंपत्तियां शामिल है।

इस दौरान टीम द्वारा वार्ड संख्या 18 से वार्ड संख्या 36 तक लगभग 15 निगम स्वामित्व के भवनों की जांच की गई। इस क्रम में जहां-जहां अतिक्रमण किए गए है। अवैध कब्जा पाए गए। वहां त्वरित कार्रवाई की गई और परिसंपत्तियों को कब्जा मुक्त कराया गया।

निरीक्षण के दौरान वार्ड संख्या 29, खादगड़ा शनि मंदिर के समीप स्थित सामुदायिक भवन को निजी व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया था। यहां डांस क्लास संचालित हो रहा था। इस पर तत्काल कार्रवाई की गई और डांस क्लास को बंद करवाया गया।

वही वार्ड संख्या 21 स्थित पंचायत भवन में अवैध रूप से ताला पाया गया। भवन के अंदर निजी सामान रखा हुआ था। इस पर निगम की टीम ने त्वरित कार्रवाई की।

पुराने ताले को हटाकर निगम की ओर से नया ताला लगाया गया।इसके अतिरिक्त सुखदेव नगर स्थित निगम स्वामित्व के एक भवन में कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से निवास करते हुए पाए गए, जिसे देखते हुए संबंधित परिवार को 24 घंटे के भीतर भवन खाली करने का निर्देश दिया गया।

**आज / कल**




# समाहरणालय में मिलेगी आधुनिक लिफ्ट की सुविधा

● **बिजली बाधित होने पर भी 'सेल्फ रेस्क्यू' प्रणाली से निकटतम फ्लोर तक पहुंच सकेंगे लोग**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** समाहरणालय रांची में अब लोगों को आधुनिक लिफ्ट सुविधा मिलेगी। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने गुरुवार को नवनिर्मित लिफ्ट की शुरुआत की। उन्होंने ब्लॉक-ए में स्थापित 02 तथा ब्लॉक-बी में स्थापित 03 (कुल 05) लिफ्ट की शुरुआत कर आम नागरिकों एवं



पदाधिकारियों/कर्मियों के उपयोग के लिए समर्पित किया। इसके अलावा अब समाहरणालय में नया सभागार भी तैयार है। उपायुक्त ने नवीनीकरण के बाद समाहरणालय सभागार का भी निरीक्षण किया गया। सभागार के नवीनीकरण से अब यहां आयोजित होने वाली बैठकों एवं प्रशासनिक कार्यक्रमों के संचालन में और अधिक सुविधा एवं बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित हो सकेगी। लिफ्ट की शुरुआत के अवसर पर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि समाहरणालय में प्रतिदिन बड़ी संख्या में आम नागरिक विभिन्न कार्यों के लिए आते हैं। ऐसे में आधुनिक लिफ्ट सुविधा शुरू होने से लोगों को विभिन्न तलों पर स्थित कार्यालयों तक पहुंचने में काफी सुविधा होगी।

## जनगणना 2027 की तैयारी शुरू, रांची में तीन दिवसीय प्रशिक्षण आरंभ

# जनगणना के आंकड़ों से ही भविष्य की योजनाएं तय की जाती हैं : डीसी

● **जिले के सभी जिला व चार्ज अधिकारी, तकनीकी सहायक, बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारी शामिल**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिए जिला व चार्ज अधिकारियों तथा तकनीकी सहायकों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का गुरुवार को रांची समाहरणालय के ब्लॉक-बी, कक्ष संख्या 505 में शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण 12 से 14 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त-सह-प्रधान जनगणना पदाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनगणना किसी भी देश के विकास के लिए योजनाओं और नीतियों के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ही भविष्य की योजनाएं और नीतियां तय की जाती हैं। उन्होंने कहा कि लगभग डेढ़ दशक के बाद यह जनगणना कार्यक्रम आयोजित हो रहा है, इसलिए सभी पदाधिकारी और कर्मी इसे पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ संपन्न करें।

उन्होंने प्रशिक्षण में शामिल प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-चार्ज पदाधिकारी, सहायक चार्ज पदाधिकारी सहित सभी प्रतिभागियों से प्रशिक्षण के दौरान दी जा रही जानकारियों को ध्यानपूर्वक समझने और उसे क्षेत्रीय कार्य में प्रभावी ढंग से लागू करने का आह्वान किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना से जुड़े विभिन्न पहलुओं, प्रश्नावली के उपयोग, डेटा संकलन की प्रक्रिया तथा क्षेत्र में कार्य करने के सही तरीकों की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। जनगणना कार्य निदेशालय, रांची से आए प्रशिक्षक केशव नायक आर. (उप निदेशक) और संजीव कुमार मांझी (सांख्यिकी अन्वेषक) प्रतिभागियों को व्यावहारिक उदाहरणों के साथ पोर्टल और मोबाइल ऐप के माध्यम से मकान सूचीकरण एवं भवनों की गणना से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी दे रहे हैं।

प्रशिक्षण में बताया गया कि इस बार की जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से संपन्न होगी। मोबाइल ऐप के जरिए प्रगणक प्रत्येक घर और ब्लॉक का डेटा संकलित करेंगे, जिससे सूचनाओं का संधारण अधिक तेज, सटीक और व्यवस्थित तरीके से किया जा सकेगा।

त्रिदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के सभी संबंधित जिला एवं चार्ज अधिकारी तथा तकनीकी सहायक भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के बाद सभी चार्ज अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य संपन्न करेंगे।

कार्यक्रम में अपर समाहर्ता रामनारायण सिंह, अपर समाहर्ता (नक्सल) सुदर्शन मुर्मू, कार्यपालक दंडाधिकारी मनीषा तिर्की, सहायक निदेशक-सह-मास्टर ट्रेनर रविंद्रेंद्र मिश्र सहित जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



